**J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad**
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009
SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006
Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in

**NEWS CLIPPING:27.06.2023**

# DAINIK BHASKAR

# जेसी बोस विश्वविद्यालय ने दाखिले की आखिरी तिथि बढ़ाई

## अब आवेदन की अंतिम तिथि 3 जुलाई तक

भास्कर न्यूज|फरीदाबाद

विद्यार्थियों को बड़ी राहत देते हुए जेसी बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय ने विश्वविद्यालय स्तर पर यूजी और पीजी पाठ्यक्रमों (बीटेक को छोड़कर) के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 3 जुलाई तक बढ़ाने का निर्णय लिया है। यह निर्णय विद्यार्थियों के व्यापक हितों को देखते हुए लिया है।

डीन (अकादमिक मामले) प्रो. आशुतोष दीक्षित ने बताया कि शैक्षणिक सत्र 2023-24 में विश्वविद्यालय सर्टिफिकेट, डिप्लोमा, स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर के पाठ्यक्रमों सहित 60 से अधिक पाठ्यक्रमों पर दाखिले की पेशकश की है। इस वर्ष विश्वविद्यालय द्वारा एनईपी-2020 के प्रावधानों के अनुरूप तीन और चार वर्षीय स्नातक डिग्री प्रोग्राम की शुरूआत की गई है, जिससे विद्यार्थियों को मुख्य डिग्री के साथ-साथ चुनिंदा विषयों में माइनर डिग्री करने तथा मल्टीपल एंट्री व एग्जिट विकल्पों की सुविधा मिलेगी। इसके अलावा विश्वविद्यालय नए सत्र से बीएससी (विजुअल कम्युनिकेशन एंड मल्टीमीडिया टेक्नोलॉजी), कचरा प्रबंधन में पीजी डिप्लोमा तथा एप्लाइड मैकेनिक्स एवं मैन्युफैक्चरिंग इंजीनियरिंग में सर्टिफिकेट के रूप में नए पाठ्यक्रम भी शुरू कर रहा है। बीटेक दाखिलों को लेकर प्रो. दीक्षित ने स्पष्ट किया कि सभी बीटेक पाठ्यक्रमों में दाखिला हरियाणा राज्य तकनीकी शिक्षा सोसायटी (एचएसटीईएस) द्वारा आयोजित ऑनलाइन काउंसलिंग के माध्यम से किया जाएगा तथा इसका कार्यक्रम एचएसटीईएस की वेबसाइट www.hstes.org.in पर उपलब्ध रहेगा। हालांकि विज्ञान, प्रबंधन एवं कला से संबंधित स्नातक पाठ्यक्रमों और सभी स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में दाखिला विश्वविद्यालय स्तर पर होगा। दाखिला संबंधी पूछताछ के लिए दाखिला हेल्पलाइन नंबर 7428954273 और ई-मेल admissionhelp@jcboseust.ac.in भी शुरू किया है। पात्रता मानदंड, सीटों की संख्या और प्रवेश परीक्षा के लिए कार्यक्रम से संबंधित सभी सूचनाओं के साथ दाखिला विवरणिका विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.jcboseust.ac.in पर देखी जा सकती है।

**NEWS CLIPPING:27.06.2023**

# AMAR UJALA

## दाखिले की प्रक्रिया अंतिम चरण में, आवेदन के लिए दो दिन शेष

अमर उजाला ब्यूरो

फरीदाबाद। कॉलेजों में स्नातक कोर्स में दाखिले को लेकर अब दो दिन शेष बचे हैं। ऐसे में ऑनलाइन आवेदन के लिए सीएससी सेंटरों पर दिनभर छात्रों की भीड़ देखी जा रही है, यदि उच्चतर शिक्षा विभाग की ओर से आवेदन की तिथि आगे नहीं बढ़ाई गई तो छात्रों की परेशानी बढ़ सकती है। जिले में 10 कॉलेजों की 10362 सीटों पर दाखिला प्रक्रिया चल रही है।

दाखिले के लिए आवेदन प्रक्रिया 17 जून को शुरू होनी थी, लेकिन पोर्टल में खामियों के कारण यह 19 जून शाम को शुरू हुई। उसके बाद भी पोर्टल में दिक्कत चलती रही, लेकिन पिछले पांच दिनों से फिलहाल पोर्टल ठीक तरीके से चल रहा है। कॉलेजों के कोर्स, फीस, सीट व आवेदन के नियमों की जानकारी भी ऑनलाइन उपलब्ध है। ऐसे में बहुत की कम छात्र कॉलेजों में आ रहे हैं। अधिकतर छात्र अपने घरों से ही आवेदन प्रक्रिया पूरी कर रहे हैं। अगर कोई दिक्कत आ रही है तो कॉलेजों की तरफ से उपलब्ध कराए नंबर पर फोन कर जानकारी ले रहे हैं और अपनी समस्या भी बता रहे हैं। पोर्टल की खामियों के चलते आवेदन प्रक्रिया प्रभावित हुई है। इसके चलते अभी आवेदन कम हुए हैं। ऐसे में उम्मीद है कि आवेदन करने की तारीख को बढ़ाया जा सकता है। छात्रों की मदद के लिए हेल्प डेस्क बनाई गई है।

### जेसी बोस विवि ने दाखिले की आखिरी तिथि बढ़ाई

फरीदाबाद। जेसी बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय वाईएमसीए ने विभिन्न यूजी और पीजी पाठ्यक्रमों (बीटेक को छोड़कर) के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि तीन जुलाई तक बढ़ा दी है। पहले यह 26 जून तक थी। हालांकि विवि द्वारा पीजी पाठ्यक्रमों के लिए जारी प्रवेश परीक्षा के कार्यक्रम में किसी तरह का बदलाव नहीं होगा। डीन (अकादमिक) प्रो. आशुतोष दीक्षित ने बताया कि शैक्षणिक सत्र 2023-24 में विश्वविद्यालय सर्टिफिकेट, डिप्लोमा, स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर के पाठ्यक्रमों सहित 60 से अधिक पाठ्यक्रमों पर दाखिले की पेशकश की गई है। इस वर्ष विवि द्वारा एनईपी-2020 के प्रावधान के अनुरूप तीन और चार वर्षीय स्नातक डिग्री प्रोग्राम की शुरूआत की गई है। ब्यूरो

**NEWS CLIPPING:27.06.2023**

# NAVBHARAT TIMES

## UG कोर्स में एडमिशन के लिए कल अंतिम दिन

■ एनबीटी न्यूज, फरीदाबाद

कॉलेजों में अंडर ग्रैजुएशन (UG) कोर्स में दाखिले के लिए आवेदन प्रक्रिया अंतिम चरण में है। हायर एजुकेशन डिपार्टमेंट आवेदन करने की तारीख को नहीं बढ़ाता तो अब छात्रों के पास आवेदन के लिए केवल आज और कल का दिन है। फरीदाबाद में 10 कॉलेजों की 10362 सीटों पर दाखिला प्रक्रिया जारी है। आवेदन प्रक्रिया 17 जून को शुरू होनी थी, लेकिन पोर्टल में खामियों के चलते यह 19 जून को शुरू हो सकी। खेड़ी गुजरान कॉलेज में दाखिला प्रक्रिया के नोडल अधिकारी डॉ.सुनील शर्मा ने बताया कि फिलहाल पोर्टल में कोई दिक्कत नहीं है। स्टूडेंट एकता ने बताया कि मैंने B.BA कोर्स के लिए आवेदन किया है। पहले 18 तारीख को आवेदन किया था, लेकिन तब पोर्टल नहीं चल रहा था। अब दिक्कत नहीं हुई। रितिका ने बताया कि B.COM कोर्स में आवेदन किया है और आवेदन करने में कोई परेशानी नहीं आ आई है।

### जेसी बोस यूनिवर्सिटी में 3 तक करें आवेदन

■ एनबीटी न्यूज, फरीदाबाद : जेसी बोस यूनिवर्सिटी ने बीटेक को छोड़कर अन्य UG व PG कोर्स में दाखिले के लिए आवेदन की तारीख को फिर बढ़ा दिया गया है। अब छात्र तीन जुलाई तक आवेदन कर सकते हैं। PG कोर्स में दाखिले के लिए जारी प्रवेश परीक्षा कार्यक्रम में कोई बदलाव नहीं है। यूनिवर्सिटी में अकैडमिक मामलों के डीन प्रफेसर आशुतोष दीक्षित ने बताया कि 2023-24 के लिए यूनिवर्सिटी में सर्टिफिकेट, डिप्लोमा, UG व PG के साथ 60 से अधिक कोर्स में दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन लिए जा रहे हैं। सभी बीटेक कोर्स में दाखिले हरियाणा राज्य तकनीकी शिक्षा सोसायटी की ऑनलाइन काउंसलिंग (HSTES) के माध्यम से किए जाएंगे। कार्यक्रम www.hstes.org.in पर उपलब्ध रहेगा। पूछताछ के लिए 7428954273 व admissionhelp@jcboseust.ac.in पर संपर्क कर सकते हैं।

**NEWS CLIPPING:27.06.2023**

# HINDUSTAN

# जेसी बोस विश्वविद्यालय ने दाखिले की तिथि बढ़ाई

फरीदाबाद, वरिष्ठ संवाददाता। जेसी बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय ने विभिन्न यूजी और पीजी पाठ्यक्रमों (बीटेक को छोड़कर) के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि तीन जुलाई तक बढ़ादी है। हालांकि विश्वविद्यालय द्वारा पीजी पाठ्यक्रमों के लिए जारी प्रवेश परीक्षा के कार्यक्रम में किसी तरह का बदलाव नहीं होगा।

डीन प्रो. आशुतोष दीक्षित ने बताया कि शैक्षणिक सत्र 2023-24 में विश्वविद्यालय सर्टिफिकेट, डिप्लोमा, स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर के पाठ्यक्रमों सहित 60 से अधिक पाठ्यक्रमों पर दाखिले के आवेदन हो रहे है। इस वर्ष, विश्वविद्यालय द्वारा

- आवेदन की अंतिम तिथि तीन जुलाई तक की
- पीजी पाठ्यक्रमों में किसी तरह का बदलाव नहीं

नई शिक्षा नीति-2020 के प्रावधानों के अनुरूप तीन और चार वर्षीय स्नातक डिग्री प्रोग्राम की शुरूआत की गई है, जिससे विद्यार्थियों को मुख्य डिग्री के साथ-साथ चुनिंदा विषयों में माइनर डिग्री करने तथा मल्टीपल एंट्री व एग्जिट विकल्पों की सुविधा मिलेगी। विश्वविद्यालय ने दाखिला संबंधी पूछताछ के लिए दाखिला हेल्पलाइन नंबर 7428954273 और ई-मेल admissionhelp@jcboseust.ac.in भी शुरू किया है।

**NEWS CLIPPING:27.06.2023**

# DAINIK BHASKAR

# जेसी बोस यूनिवर्सिटी में दाखिले के लिए तीन जुलाई तक आवेदन

**जासं, फरीदाबाद** : जेसी बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय ने यूजी और पीजी पाठ्यक्रमों (बीटेक को छोड़कर) के लिए आनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाकर तीन जुलाई कर दी है। पीजी पाठ्यक्रमों के लिए जारी प्रवेश परीक्षा के कार्यक्रम में किसी तरह का बदलाव नहीं होगा। डीन (अकादमिक) प्रो.आशुतोष दीक्षित ने बताया कि शैक्षणिक सत्र 2023-24 में विश्वविद्यालय सर्टिफिकेट, डिप्लोमा, स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर के पाठ्यक्रमों सहित 60 से अधिक पाठ्यक्रमों पर दाखिले की पेशकश की है। विश्वविद्यालय ने इस वर्ष से नई शिक्षा नीति के अनुरूप तीन और चार वर्षीय स्नातक डिग्री प्रोग्राम की शुरूआत की गई है, जिससे विद्यार्थियों को मुख्य डिग्री के साथ- चुनिंदा विषयों में माइनर डिग्री करने तथा मल्टीपल एंट्री व एग्जिट विकल्पों की सुविधा मिलेगी। विश्वविद्यालय नए सत्र से बीएससी (विजुअल कम्युनिकेशन एंड मल्टीमीडिया टेक्नोलाजी), कचरा प्रबंधन में पीजी डिप्लोमा तथा एप्लाइड मैकेनिक्स एवं मैन्युफैक्चरिंग इंजीनियरिंग में सर्टिफिकेट के रूप में नए पाठ्यक्रम भी शुरू कर रहा है। विश्वविद्यालय ने दाखिला संबंधी पूछताछ के लिए हेल्पलाइन नंबर 7428954273 जारी किया है।

**NEWS CLIPPING:27.06.2023**

# REPCO NEWS

# जे.सी. बोस विश्वविद्यालय ने दाखिले की आखिरी तिथि बढ़ाई

फरीदाबाद, 26 जून (रेपको न्यूज)। विद्यार्थियों को बड़ी राहत देते हुए जे.सी. बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद ने विश्वविद्यालय स्तर पर विभिन्न यूजी और पीजी पाठ्यक्रमों (बीटेक को छोड़कर) के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 3 जुलाई 2023 तक बढ़ाने का निर्णय लिया है। यह निर्णय विद्यार्थियों के व्यापक हितों को देखते हुए लिया गया है। हालांकि विश्वविद्यालय द्वारा पीजी पाठ्यक्रमों के लिए जारी प्रवेश परीक्षा के कार्यक्रम में किसी तरह का बदलाव नहीं होगा। डीन (अकादमिक मामले) प्रो. आशुतोष दीक्षित ने बताया कि शैक्षणिक सत्र 2023-24 में विश्वविद्यालय सर्टिफिकेट, डिप्लोमा, स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर के पाठ्यक्रमों सहित 60 से अधिक पाठ्यक्रमों पर दाखिले की पेशकश की है। इस वर्ष, विश्वविद्यालय द्वारा एनईपी-2020 के प्रावधानों के अनुरूप तीन और चार वर्षीय स्नातक डिग्री प्रोग्राम की शुरूआत की गई है, जिससे विद्यार्थियों को मुख्य डिग्री के साथ-साथ चुनिंदा विषयों में माइनर डिग्री करने तथा मल्टीपल एंट्री व एग्जिट विकल्पों की सुविधा मिलेगी। इसके अलावा, विश्वविद्यालय नये सत्र से बीएससी (विजुअल कम्युनिकेशन एंड मल्टीमीडिया टेक्नोलॉजी), कचरा प्रबंधन में पीजी डिप्लोमा तथा एप्लाइड मैकेनिक्स एवं मैन्युफैक्चरिंग इंजीनियरिंग में सर्टिफिकेट के रूप में नये पाठ्यक्रम भी शुरू कर रहा है।

बीटेक दाखिलों को लेकर प्रो. दीक्षित ने स्पष्ट किया कि सभी बीटेक पाठ्यक्रमों में दाखिला हरियाणा राज्य तकनीकी शिक्षा सोसायटी (एचएसटीईएस) द्वारा आयोजित ऑनलाइन काउंसलिंग के माध्यम से किया जाएगा तथा इसका कार्यक्रम एचएसटीईएस की वेबसाइट 222.ढ्ढह्यह्म्द्धह्य.शह्म्द्द.द्बठ्ठ पर उपलब्ध रहेगा। हालांकि विज्ञान, प्रबंधन एवं कला से संबंधित स्नातक पाठ्यक्रमों और सभी स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में दाखिला विश्वविद्यालय स्तर पर होगा।

**NEWS CLIPPING:27.06.2023**

# PUNJAB KESARI

## ग्रेजुएशन और पोस्ट ग्रेजुएशन को लेकर जेसी बोस विज्ञान ने बढ़ाई आवेदन की तारीख

फरीदाबाद, 26 जून (ब्यूरो): जेसी बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय ने यूजी और पीजी पाठ्यक्रमों (बीटेक को छोड़कर) के लिए आनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाकर तीन जुलाई कर दी है।

पीजी पाठ्यक्रमों के लिए जारी प्रवेश परीक्षा के कार्यक्रम में किसी तरह का बदलाव नहीं होगा।

डीन (अकादमिक मामले) प्रो.आशुतोष दीक्षित ने बताया कि शैक्षणिक सत्र 2023-24 में विश्वविद्यालय सर्टिफिकेट, डिप्लोमा, स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर के पाठ्यक्रमों सहित 60 से अधिक पाठ्यक्रमों पर दाखिले की पेशकश की है। विश्वविद्यालय ने इस वर्ष से नई शिक्षा नीति के अनुरूप तीन और चार वर्षीय स्नातक डिग्री प्रोग्राम की शुरूआत की गई है।

**NEWS CLIPPING:27.06.2023**

# HADOTI ADHIKAR

## दाखिले की आखिरी तिथि बढ़ाई

**हाड़ौती अधिकार**

फरीदाबाद, 26 जून। विद्यार्थियों को बड़ी राहत देते हुए जे.सी. बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए ने विश्वविद्यालय स्तर पर विभिन्न यूजी और पीजी पाठ्यक्रमों (बीटेक को छोड़कर) के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 3 जुलाई तक बढ़ाने का निर्णय लिया है। यह निर्णय विद्यार्थियों के व्यापक हितों को देखते हुए लिया गया है। हालांकि विश्वविद्यालय द्वारा पीजी पाठ्यक्रमों के लिए जारी प्रवेश परीक्षा के कार्यक्रम में किसी तरह का बदलाव नहीं होगा। डीन (अकादमिक मामले) प्रो. आशुतोष दीक्षित ने बताया कि शैक्षणिक सत्र 2023-24 में विश्वविद्यालय सर्टिफिकेट, डिप्लोमा, स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर के पाठ्यक्रमों सहित 60 से अधिक पाठ्यक्रमों पर दाखिले की पेशकश की है।